# जिले के बाहर से पहुंच रहा नकली मावा

## विभाग ने खाद्य पदार्थों के एकत्र किए नमूने, पिछले 15 दिन से चल रही है कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 अक्टूबर. दीपावली के त्यौहार को देखते हुए इस समय खाद्य सुरक्षा एवं नापतौल विभाग की संयुक्त टीम कार्यवाही कर रही है. नमूने एकत्र करने के साथ मौके पर खाद्य सामग्रियों की जांच हो रही है. त्यौहार के समय ही खाद्य विभाग की नींद टूटती है और धुंआधार छापामार कार्यवाही शुरू होती है.**



हालाकि अभी तक किसी की दुकान सीज नही की गई है. लगातार नमूने लेकर टीम जांच के लिये भेज रही है. हर बार की तरह इस बार भी जांच रिपोर्ट आने का इंतजार हो रहा है. खाद्य विभाग की संयुक्त कार्यवाही से दुकानदारो में हडकम्प जरूर मचा है. पिछले एक पखवाड़े से कार्यवाही चल रही है, दुकान, कारखाने में जांच की कार्यवाही टीम कर रही है. कई जगह कमिया उजागर हुई है. खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता के निगरानी के लिये शुरू की गई इस कार्यवाही से दुकानदारो का कारोबार जरूर प्रभावित हो रहा है. गुरूवार को कई जगह टीम ने पहुंचकर नमूने लिये. इन दुकानों से पैक खाद्य सामग्री के नमूने लिए गए. इन नमूनों की लैब में जाँच की जाएगी. नमूने अमानक पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी. दीपावली त्यौहार तक जिले भर में कार्यवाही जारी रहेगी, उसके बाद भले बंद हो जाए. इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश दुबे ने बताया कि दुकानों और डिपार्टमेंटल स्टोर में पैकड नमकीन एवं मिठाइयों की बिक्री की जा रही है. इनकी जाँच का अभियान शुरू किया गया है.

**मानिकपुर और ग्वालियर से पहुंच रहा नकली मावा**

एक ओर खाद्य विभाग की टीम दुकानदारो के यहा पहुंचकर कार्यवाही कर रही है तो वही दूसरी तरफ यूपी के मानिकपुर और ग्वालियर से नकली मावा की खेप रीवा पहुंच रही है. ट्रेन एवं बस सहित निजी वाहनो से भारी मात्रा में नकली मावा प्रतिदिन रीवा आ रहा है. जानकार सूत्रो ने बताया कि रीवा-ग्वालियर चलने वाली बसो से नकली मावा छतरपुर, सतना होते हुए रीवा पहुंचता है. इसी तरह मानिकपुर क्षेत्र से भी भारी मात्रा में नकली मावा रीवा पहुंच कर खपाया जाता है. बकायदे दलाल सक्रिय है जिनके माध्यम से मावा व्यापारियों के यहा पहुंचता है.

# कार को आयशर ने मारी टक्कर, 1 की मौत

## इंदौर जाते समय हुई दुर्घटना, तीन गंभीर रूप से हुए घायल

**उज्जैन. इंदौर रोड पर शुक्रवार सुबह युवा डॉक्टरों की कार को पीछे से आई तेज रफ्तार आयशर ने टक्कर मार दी. डॉक्टर कार खराब होने पर धक्का लगाकर साइड में करने का प्रयास कर रहे थे.**



दुर्घटना के बाद चालक आयशर लेकर मौके से भाग निकला. एक डॉक्टर की मौत हुई है तीन गंभीर रूप से घायल हैं. जबलपुर में डॉक्टरी कर रहा हर्ष पिता कुंजीलाल परमार 24 वर्ष अपने साथी डॉक्टर अमन पिता विनोद तिवारी निवासी मुरैना, कार्तिक पिता राधे, आशीष पिता अशोक निवासी ग्वालियर के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था. चारों ने उज्जैन से ही डॉक्टरी की पढ़ाई की थी. गुरुवार को महाकाल दर्शन करने के बाद सभी वसंत विहार में हर्ष की बहन के यहां रुके थे. शुक्रवार सुबह चारों कार से इंदौर जा रहे थे.

रामवासा के समीप कार खराब होने पर सभी धक्का लगाने के लिए नीचे उतरे और कार को सडड़ किनारे करने का प्रयास करने लगे. इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आई आयशर ने टक्कर मार दी. चालक आयशर लेकर भाग निकला. डॉक्टर घायल हो गए थे जिन्हें लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया. जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने हर्ष को मृत घोषित कर दिया. उसके तीनों साथियों को उपचार के लिए भर्ती किया गया है. दुर्घटना की जानकारी लगते ही उज्जैन में रहने वाली हर्ष की बहन और परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए थे.

## मुनाफे का लालच देकर 2.27 करोड़ का सायबर फ्राड

**जबलपुर, 17 अक्टूबर.** शेयर बाजार में मोबाईल एवं बैंक एकाउंट के माध्यम से प्रतिदिन मुनाफे का लालच देकर 2 करोड 27 लाख 75 हजार रुपय का सायबर फ्राड किया गया. पुलिस सूत्रों के मुताबिक पीड़ति अर्चना सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। जांच पड़ताल के बाद अजीम प्रेमजी ग्रुप के मुख्य संचालन अधीकारी, राजीव एवं कृतिका ठाकुर एवं अन्य अज्ञात खिलाफ क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज कर ली है.

# अवैध हथियार खरीदने गए 2 तस्कर दबोचे

**हथियार फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़**

**भिंड. भिंड से अवैध हथियार खरीदने गये दो तस्करों को खरगौन पुलिस ने 11 अवैध हथियार और 3 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।**



इसके बाद खरगौन के सिगनुर गांव में हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड किया गया। खरगौन एसपी रविन्द्र वर्मा ने बताया है कि भिंड के लोगों से जब्त 11 अवैध हथियार की कीमत 2 लाख 20 हजार रूपये है. आदतन आरोपी कृष्ण कुशवाह उम्र 26 निवासी मालनपुर भिंड और एक नाबालिग को खरगौन जिले के गोगांवा थाने के अदलपुरा से बिटनेरा में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कृष्ण पर भिंड और दतिया जिले में पूर्व में भी 7 मामले दर्ज हैं. मुखबिर की सूचना पर खरगौन के सिगनुर गांव में पुलिस ने एक पिस्टल जप्त कर हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड किया। फैक्ट्री में हथियार बनाने वाले दो आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियो के नेटवर्क को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# विरोध-प्रदर्शन के बीच चौपाटी कराई कब्जा मुक्त

**जबलपुर. विजय नगर के अहिंसा चौक से एकता चौक तक सड़क किनारे कब्जा करके अवैध रूप से चल रही चौपाटी को हटाने शुक्रवार को नगर निगम का अमला बुल्डोजर के साथ मौके पर पहुंचा तो वहां मौजूद व्यापारियों के होश उड़ गए.**



कुछ देर में व्यापारी समझ पाते इसके पहले नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा चौपाटी में जमीं करीब 38 दुकानों के शेड व अन्य सामानों को बुल्डोजर से हटा दिया गया और जमीन कब्जामुक्त कराई गई.

हालांकि बुल्डोजर चलने के पहले व्यापारियों ने अतिक्रमण दस्ते की कार्यवाही का पुरजोर विरोध किया और सड़क पर चक्काजाम करते हुए कहा कि उन्हें दुकान हटाने संबंधी नगर निगम से कोई नोटिस नहीं मिले, अचानक अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई शुरू कर दी गई. लिहाजा पुलिस ने कुछ ही देर में प्रदर्शनकारियों को शांत करा दिया.

नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के अधिकारियों ने चौपाटी के दुकानदानों से कहा कि ये सरकारी जमीन है और सरकारी जमीन पर कब्जा कर अतिक्रमण करने वालों को कोई नोटिस देने की जरूरत नहीं होती। इस संबंध में अतिक्रमण शाखा के प्रभारी मनीष तड़से ने नवभारत को बताया कि शुक्रवार को विजय नगर चौपाटी में हुई अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के करीब 3 दिन पहले मौखिक रूप से मुनादी कराकर चौपाटी के व्यपारियों को बोला गया था कि वे दुकानें,हटा लें, लेकिन किसी ने नहीं सुनी.

# तेंदुए का बच्चा होने की सूचना पर पहुंची टीम

## जंगली वनप्राणी का बच्चा निकला



**जावद। नगर के समीप एक खेत में तेंदुए का बच्चा के होने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी।**

वन विभाग की टीम ने जांच की और पाया कि ये तेंदुए का बच्चा नहीं, बल्कि जंगली वनप्राणी का बच्चा था दरअसल, जावद क्षेत्र के गांव उम्मैदपुरा में शुक्रवार की सुबह एक खेत में तेंदुए के बच्चों के होने की मिली सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन की जिसमें वह जंगली जो संभवत बिल्ली का बच्चा निकला। जानकारी के अनुसार उम्मैदपुरा गांव के ग्रामीण शुक्रवार की सुबह खेत की ओर जा रहे थे इसी बीच उन्हें किसी जानवर के बच्चे की आवाज सुनाई दी।ग्रामीण नजदीक जाकर देखा की खेत में एक बच्चा दिखाई दिया हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग के डिप्टी रेंजर चम्पालाल गायरी सहित टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बच्चे को कब्जे में लिया।

ग्रामीणों में जहां तेंदुए के बच्चे होने की खबर फैलाई गई वहीं डिप्टी रेंजर चम्पालाल गायरी ने बताया कि यह तेंदुए का बच्चा नहीं थे बल्कि जंगली संभवत बिल्ली का बच्चा था जिसको वापस वही सुरक्षित स्थान पर रख दिया ताकि जिस वन प्राणी ने जन्म दिया वह उसे अपने साथ ले जा सके।वही जावद पूर्व डिप्टी रेंजर भरत दुबे ने बताया कि अक्सर कई बार ग्रामीणों द्वारा छोटे जानवरों को तेंदुआ समझ लेने से गलतफहमी फैल जाती है, जिससे दहशत का माहौल बन जाता परंतु वन विभाग की टीम जांच करती और पुष्टि करती है की वह वास्तविक बात कहती है।

# महाकाल के चांदी के रूद्र यंत्र चमकाने दिल्ली से आई टीम

**03 दिनों से चल रही है सफाई**

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. दिवाली से पहले दिल्ली से महाकाल मंदिर के गर्भगृह में स्थित चांदी के रुद्र यंत्र और चांदी की दीवारों को चमकाने के लिए सुशील शर्मा व उनकी टीम उज्जैन आई हुई है. सफाई का काम शुक्रवार को भी दिनभर जारी रहा.**

शर्मा व उनकी टीम के लोगों के साथ मंदिर समिति के कर्मचारी गर्भगृह में चांदी की जलाधारी से लेकर चांदी के दरवाजे आदि की सफाई कर इन्हें भी चमकाने में जुटे है. नंदी हॉल के दरवाजों के साथ ही नंदी जी की प्रतिमा को भी चमकाया जाएगा. हर साल दिवाली से पहले मंदिर समिति यह सफाई कराती है. 20 अक्टूबर को दीपावली से पहले सब चमचमाते नजर आएंगे. मंदिर परिसर में रंग-रोगन और साज-सज्जा के साथ ही शिखर पर रंगीन लाइटिंग भी कर दी गई है. समिति साल में शिवरात्रि, श्रावण मास और दीपावली जैसे बड़े पर्व पर चांदी की दीवारों, रुद्र यंत्रों और दरवाजों की सफाई और पॉलिश करवाती है. भगवान महाकाल के एक से बढड़र एक भक्त है. इसका एक उदाहरण दिल्ली के शर्मा है. ये उज्जैन आकर हमेशा अपनी पूरी टीम के साथ भगवान महाकाल की निस्वार्थ भावना से सेवा करते हैं.

# महिला ने 5वीं मंजिल पर लगाई फांसी

**सीढ़ियों की रेलिंग पर लगाया फंदा, परिजन बोले-तलाक के बाद डिप्रेशन में थी**

**ग्वालियर-माधव प्लाजा की मल्टी में एक महिला ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 5वीं मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।महिला ने सीढ़ी की रेलिंग से दुपट्टे को बांधकर फंदा बनाया और फिर उस पर झूल गई।**



ये घटना शुक्रवार की है कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित माधव प्लाजा की है. यहां सफाई करने आई महिलाओं ने सबसे पहले महिला के शव को लटका देखा. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना प्लाजा के गार्ड को दी. गार्ड ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी. सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस जांच में महिला की पहचान गिरवाई थाना क्षेत्र निवासी रीता तोमर (34) के रूप में हुई. घटना की जानकारी मिलने पर रीता के परिजन भी मौके पर पहुंचे. उन्होंने पुलिस को बताया कि रीता का तीन साल पहले अपने पति से तलाक हो गया था और वह मायके में रह रही थी.

परिजन के अनुसार, तलाक के बाद से रीता डिप्रेशन में थी और उसका मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया था।परिजन ने बताया कि रीता गुरुवार रात करीब 8 बजे बिना बताए घर से निकल गई थी।परिजन ने पूरी रात उसकी तलाश की थी, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला।परिजन ने गिरवाई थाने में रीता की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।पुलिस अब मामले की विस्तृत जांच कर रही है। माधव प्लाजा के गार्ड जसवंत ने बताया कि प्लाजा के अंदर कुल पांच गार्ड है, दो गार्ड की ड्यूटी सुबह है और तीन गार्ड रात में ड्यूटी करते हैं.

# लोडिग वाहन में करंट, ड्राइवर समेत 8 झुलसे, एक की मौत

**जबलपुर.** पाटन थाना अंतर्गत ग्वारी में एक लोडिंग वाहन में करंट फैल गया और ड्राइवर समेमत आठ श्रमिक करंट की चपेट में आ गए जिसमें से एक की मौत हो गई. हादसा उस वक्त हुआ जब दीपावली पर्व के चलते श्रमिक मंडला जा रहे थे रास्ते में वाहन चालक केबिन के ऊपर चढ़ा और ऊपर से गुजरी विद्युत लाइन से टकरा गया जिसके चलते करंट पूरे वाहन में फैल गया था. हादसे में एक की मौत हो गई है जबकि घायल श्रमिकों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया.

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मंडला से एक दर्जन से अधिक श्रमिक पाटन ग्वारी में एक खेत में मक्का काटने के लिए आये हुए थे. दीपावली पर्व के चलते वह काम खत्म करने के बाद शुक्रवार को मंडला जाने वाले थे सभी के चेहरे में खुशियों का माहौल था. लोडिग वाहन से सभी मंडला के लिए शुक्रवार रात्रि रवाना हुए. रास्ते में चालक ने विद्युत लाइन के नीचे वाहन खड़ा हुआ तभी ड्राइवर रोशन चढ?र सामान जमा रहा था. इस दौरान राकेश रोशन की मद्द कर रहा था इसी बीच रोशन ऊपर से गुजरी 11 केव्ही लाइन की चपेट में आ गया और करंट पूरे वाहन में फैल गया. ड्राइवर समेत आठ श्रमिक करंट की चपेट में आ गए. जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया दो को मेडिकल रेफर किया गया. हादसे में एक की मौत हो गई.

# अवैध रेत परिवहन करते हुए ट्रैक्टर जब्त

**सीधी. सीधी पुलिस की त्वरित कार्रवाई में अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर जप्त कर चालक गिरफ्तार किया.**



पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट/कुसमी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कुसमी निरीक्षक अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी पोंडी पुलिस ने कार्यवाही की है.चौकी प्रभारी पोंडी सहायक उप निरीक्षक डी.के. रावत को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ददरी की ओर से एक लाल रंग का ट्रैक्टर अपनी ट्रॉली में रेत लोड कर ग्राम पोंडी की तरफ आ रहा है. सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा उनके निर्देशानुसार पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी की गई.थोड़ी देर में संदिग्ध ट्रैक्टर को रोककर चालक से पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम सुरेन्द्र कुमार शर्मा पिता लल्ला प्रसाद शर्मा उम्र 37 वर्ष निवासी घुघरी, थाना जनकपुर, जिला कोरिया (छत्तीसगढ़) बताया.

जब वाहन में भरी रेत के संबंध में वैध कागजात मांगे गए, तो चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूंछताछ में उसने बताया कि रेत मवई नदी से अवैध रूप से भरकर बिक्री हेतु ग्राम पोंडी लाया जा रहा था।वाहन चालक के पास ट्रैक्टर का पंजीयन, लाइसेंस एवं परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। मौके पर महिंद्रा कंपनी का लाल रंग का ट्रैक्टर मय ट्रॉली एवं उसमें भरी रेत जब्त कर कब्जे पुलिस में लिया गया तथा चौकी परिसर पोंडी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। आरोपी चालक का यह कृत्य दंडनीय पाया गया।चालक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

## निर्धारित स्थान के अलावा कही नहीं बिकेंगे पटाखे

**रीवा.** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बाणसागर सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि दीपावली तथा अन्य त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की सतत निगरानी रखें. पुलिस अधिकारियों के साथ क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण करें. पटाखा बिक्री की दुकानों को एस शेप में स्थापित कराएं.

दो दुकानों के बीच में कम से कम तीन मीटर का अंतर रखें. बिक्री स्थल पर पर्याप्त मात्रा में रेत और रेत भरी बाल्टी रखवाएं. इन स्थानों में वाहनों की पार्किंग और प्रकाश की भी समुचित व्यवस्था कराएं. केवल निर्धारित स्थल से ही पटाखा की बिक्री होगी.



# किसान के दर्द को अरुण ने जाना

## मोहन ने लगाया मुआवजे का मरहम

**शाजापुर, 17 अक्टूबर. किसान के सम्मान में विधायक आए मैदान मेंशाजापुर और मोहन बड़ोदिया तहसील के किसानों की फसल खराब होने पर उन्हें सर्वे में शामिल किया गया.**

जल्द ही किसानों को मुआवजे का मरहम लगाया जाएगा. शाजापुर विधायक अरुण भीमावद के कहने पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तत्काल शाजापुर के किसानों को उनकी फसल की भरपाई के लिए सर्वे के बाद मुआवजे पर मुहर लगाई. इसको लेकर किसानों ने विधायक अरुण भीमावद के नेतृत्व में विशाल ट्रेक्टर आभार यात्रा निकाली. गौरतलब है कि इस बार शाजापुर जिले में अल्पवर्षा के कारण कई जगह फसल खराब है.

**बैठक** ▶ सिंहस्थ-2028 के लिए स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति पर हुई चर्चा

# ओंकारेश्वर के लिए स्वीकृत कार्यों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को ओंकारेश् वर में एनएचडीसी प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर सिंहस्थ-2028 के लिए स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की.**



बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ के लिए स्वीकृत सभी कार्य समय सीमा में,गुणवत्ता के निर्धारित स्तर के साथ पूर्ण किए जाएं. नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त श्री भोंडवे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था, यात्री प्रतीक्षालय, अस्थाई शौचालय,अस्थाई चिकित्सालय, नर्मदा तट पर घाट निर्माण कार्य, अतिरिक्त पहुंच मार्ग, घाटों पर हाई मास्ट लाइट लगवाने, अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगवाने, पार्किंग एरिया विकसित करने तथा पांटून ब्रिज की व्यवस्था के प्रस्ताव तैयार कर वरिष्ठ कार्यालयों से स्वीकृत करा लें. नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त भोंडवे ने निर्देश दिए कि मोरटक्का ओंकारेश्वर मार्ग का शेष निर्माण कार्य से शीघ्रता से पूर्ण करें.

पर्यटन निगम के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शंकराचार्य गुफा के संरक्षण का कार्य तथा परिक्रमा पथ पर विकास कार्य स्वीकृत किए गये हैं।इसके अलावा पर्यटन विकास निगम द्वारा ममलेश्वर मंदिर में प्रस्तावित विकास कार्यों के संबंध में भी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया।पर्यटन निगम के अधिकारियों ने बताया कि ओंकार पर्वत परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह शेड निर्माण कराया जाएगा, ताकि धूप और वर्षा के पानी से श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो।इसके साथ ही परिक्रमा पथ पर वृक्षारोपण भी प्रस्तावित है।लोक निर्माण विभाग पीआईयू के अधिकारियों ने बताया कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए ओंकारेश्वर में सर्किट हाउस का निर्माण स्वीकृत किया गया है।इसका निर्माण कार्य चालू हो गया है।इस सर्किट हाउस में कुल 10 कक्ष और एक सूट निर्मित किया जाएगा।

# मंदिर विवाद में देर रात युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

- गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत
- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया

**इंदौर 17 अक्टूबर. मल्हारगंज थाना क्षेत्र के तेली बाखल इलाके में शुक्रवार देर रात सवा ग्यारह बजे के लगभग एक युवक की हत्या कर दी गई. जिससे क्षेत्र में फैली सनसनी, सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी वेदेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि फिलहाल जांच चल रही हैं, मृतक की पहचान अंकित राठौर पिता राजू राठौर के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि इलाके में स्थित एक मंदिर को लेकर चल रहे विवाद के दौरान आरोपियों ने अंकित पर हमला कर दिया. गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद आरोपी लालू पंडित और राजू पंडित फरार हो गए. पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पूरे घटनाक्रम की तहकीकात कर रही है.

## चार मोटर पंप बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**सीधी.** खड्डी पुलिस की तत्परता से 24 घंटे में चोरी का पर्दाफाश करते हुए चार मोटर पम्प बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खड्डी एएसआई नीरज कुमार एवं टीम नें चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा किया. पुलिस के अनुसार सोमनाथ साकेत पिता काशीनाथ साकेत निवासी खड्डी ने 16 अक्टूबर को चौकी खड्डी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी.